| | |
|---|---|
| भारत सरकार | लोक सभा |
| वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय | अतारांकित प्रश्न सं. 375 |
| वाणिज्य विभाग | |

**दिनांक 02 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**निर्यात हेतु व्यापार अवसंरचना योजना का कार्यान्वयन**

375. **श्री सप्तगिरी शंकर उलाका:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान निर्यात हेतु व्यापार अवसंरचना योजना (टीआईईएस) के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है और इनकी संख्या कितनी है;
(ख) सरकार द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान अनुमोदित टीआईईएस निधि का क्षेत्र-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या सरकार ने टीआईईएस निधि के उपयोग की निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए कोई तंत्र स्थापित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क) और (ख): पिछले तीन वर्षों अर्थात् वित्त वर्ष 2022-23 से निर्यात हेतु व्यापार अवसंरचना योजना (टीआईईएस) के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ग) : टीआईईएस संबंधी अधिकार प्राप्त समिति, इस योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की प्रगति की समय-समय पर समीक्षा करती है। इसके साथ ही, परियोजना के समयबद्ध और उचित कार्यान्वयन के लिए परियोजना स्तर पर वाणिज्य विभाग के एक प्रतिनिधि सहित एक परियोजना निगरानी समिति (पीएमसी) भी नियुक्त की जाती है।

अनुलग्नक

दिनांक 02.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 375 के भाग (क) और (ख) के उत्तर संबंधी अनुलग्नक

| क्र.सं. | क्रियान्वयन एजेंसी | परियोजना का नाम | टीआईईएस द्वारा स्वीकृत निधि (करोड़ रुपये में) | निधि अनुमोदन का वित्तीय वर्ष | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्नाटक मत्स्य विकास निगम (केएफडीसी), कर्नाटक सरकार | कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के कुलाई में कर्नाटक मत्स्य विकास निगम की समुद्री निर्यात इकाई का उन्नयन | 10.92 | 2022-23 | कर्नाटक |
| 2 | हिमाचल प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम (एचपीएसआईडीसी), हिमाचल प्रदेश सरकार | फार्मा लैब बद्दी-चरण-II | 13.53 | 2022-23 | हिमाचल प्रदेश |
| 3 | मेघालय औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी), मेघालय सरकार | हुरोई में बॉर्डर हाट (पूर्वी जैंतिया हिल्स जिला, मेघालय) | 4.83 | 2022-23 | मेघालय |
| 4 | बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बीआईएडीए) | ताजे फल और सब्जियों के लिए एकीकृत निर्यात पैक हाउस, बिहटा , पटना | 5.77 | 2022-23 | बिहार |
| 5 | उत्तर प्रदेश हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लिमिटेड | गोमती नगर, लखनऊ में व्यापार संवर्धन केंद्र का विकास | 5.48 | 2022-23 | उत्तर प्रदेश |
| 6 | आंध्र प्रदेश व्यापार संवर्धन निगम लिमिटेड (एपीटीपीसी) | गजुवाका , विशाखापत्तनम में निर्यात गोदाम सुविधा का विकास | 2.81 | 2022-23 | आंध्र प्रदेश |
| 7 | टाइडेल नियो लिमिटेड | विल्लुपुरम जिले के थिरुचित्रम्बलम में मिनी टाइडल पार्क का विकास | 12.34 | 2022-23 | तमिलनाडु |
| 8 | टाइडेल नियो लिमिटेड | मीलावितन - II गाँव, थूथुकुडी तालुक में मिनी टाइडल पार्क का विकास | 12.34 | 2022-23 | तमिलनाडु |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 9 | टाइडेल नियो लिमिटेड | पिल्लयारपट्टी गांव, तंजावुर में मिनी टाइडल पार्क का विकास | 12.95 | 2022-23 | तमिलनाडु |
| 10 | कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड | कर्नाटक के बेलगावी जिले में प्लग एंड प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर | 10.62 | 2022-23 | कर्नाटक |
| 11 | कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड | गुलबर्गा ( कलबुर्गी ), कर्नाटक में प्लग एंड प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर | 11.02 | 2022-23 | कर्नाटक |
| 12 | कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड | कर्नाटक के बेंगलुरु ग्रामीण जिले के डोड्डाबल्लापुर इंडस्ट्रियल एरिया में प्लग-एंड-प्ले की स्थापना | 8.67 | 2022-23 | कर्नाटक |
| 13 | कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड | कर्नाटक के धारवाड़ जिले में प्लग एंड प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर | 10.62 | 2022-23 | कर्नाटक |
| 14 | राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड (राजसिको) | आईसीडी सांगानेर , जयपुर, राजस्थान में एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स | 7.13 | 2022-23 | राजस्थान |
| 15 | कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) | कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं स्थापित करना- सरदार वल्लभ भाई पटेल निर्यात सुविधा केंद्र चुनार तहसील, मिर्ज़ापुर -यूपी | 18.63 | 2023-24 | उत्तर प्रदेश |
| 16 | टाइडेल नियो लिमिटेड | मेलमनावूर और अब्दुल्लापुरम गांवों, वेल्लोर, तमिलनाडु में मिनी टाइडल पार्क का विकास | 6.72 | 2025-26 | तमिलनाडु |
| 17 | सेंटर फॉर एरोमेटिक प्लांट्स (सीएपी) , उत्तराखंड सरकार | मिलावट के लिए एएमएस सुविधा की स्थापना | 19.52 | 2025-26 | उत्तराखंड |
| 18 | उद्यमिता विकास संस्थान (आईईडीयूपी), एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उत्तर प्रदेश | लखनऊ में भारतीय पैकेजिंग संस्थान (आईआईपी) की स्थापना | 11.16 | 2025-26 | उत्तर प्रदेश |

******